# त्रैमासिक परीक्षा सत्र 2024–25

## कक्षा –10 वीं

## विषय–विज्ञान

पूर्णांक–75

समय–3 घंटे

नोट :– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(1X6=6)

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए–

I. विरंजक चूर्ण का रासायनिक सूत्र है–

a. $CaCl_2$, b. $Na_2CO_3 10H_2O$, c. $NaHCO_3$, d. इनमें से कोई नहीं।

II. हमारा उदर कौन सा अम्ल उत्पन्न करता है ?

a. $H_2SO_4$, b. $HNO_3$, c. HCl, d. NaOH,

III. पचे हुये भोजन का अवशोषण होता है–

a. छोटी आंत मे, b. कोशिकाओं द्वारा, c. अमाशय द्वारा, d. इनमें से कोई नहीं।

IV. दो तंत्रिका कोशिका के मध्य खाली स्थान को कहते हैं

a. द्रुमिका, b. सिनेप्स, c. एक्सॉन, d. आवेग,

V. सामान्य दृष्टि के वयस्क के लिये सुस्पष्ट दर्शन की अल्पतम दूरी होती है–

a. 25 m, b. 2.5m, c. 25 cm, d. 2.5 m

VI. चींटी के डंक मे कौन सा अम्ल होता है–

a. साइट्रिक अम्ल, b. मैलिक अम्ल, c. मैथेनॉइक अम्ल, d. एसीटिक अम्ल

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(1X6=6)

i. पादपों मे भोजन का संवहन ................ ऊतक द्वारा होता है।

ii. आकाश का रंग नीला प्रकाश के ................ के कारण होता है।

iii. वायवीय श्वसन ................ की उपस्थिति मे होता है।

iv. वे सभी प्रक्रम जो सम्मिलित रूप से अनुरक्षण का कार्य करते हैं ................ कहलाते हैं।

v. तंत्रिका तंत्र की प्रमुख इकाई ................ होती है।

vi. अम्ल वर्षा के लिये सबसे अधिक ................ गैस उत्तरदायी होती है।

प्रश्न 3. सत्य / असत्य चुनिये–

(1X6=6)

i. आपतन कोण का मान सदैव परावर्तण कोण के मान के बराबर होता है।

ii. अवतल दर्पण मे प्रतिबिम्ब सदैव वास्तविक बनते हैं।

iii. गोलीय दर्पण की फोकस दूरी उसकी वक्रता त्रिज्या की दो गुनी होती है।

iv. दूर की वस्तुओं को ठीक से नहीं देख पाना दूर दृष्टि दोष है।

v. वस्तुओं को हम प्रकाश की उपस्थिति मे देख सकते हैं।

vi. मस्तिष्क का सोचने–समझने वाला भाग पश्च मस्तिष्क है।

प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइये–

(1X6=6)

https://www.mpboardonline.com

| | |
|---|---|
| 1 इन्सुलिन | (a) दही. |
| 2 डाइऑप्टर | (b) लार |
| 3 लैक्टिक अम्ल | (c) रक्त मे शर्करा का नियमन |
| 4 एमाइलेज | (d) लैंस की क्षमता |
| 5. उत्तल दर्पण | (e) इन्द्र धनुष |
| 6 प्राकृतिक स्पेक्ट्रम | (f) पश्च दृश्य दर्पण |

प्रश्न 5. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द. या एक वाक्य मे लिखिए— (1X6=6)

i. क्या कारण है कि खतरे के सिग्नल का प्रकाश लाल रंग का होता है।

ii. अंतरिक्ष यात्रियों को आकाश कैसा दिखाई देगा?

iii. जो पदार्थ सूक्ष्म जीवों द्वारा अपघटित नहीं होते हैं, क्या कहलाते हैं ?

iv. पादपों के तने की वृद्धि में सहायक हार्मोन का नाम लिखिए।

v. वायु की अनुपस्थिति मे होने वाले श्वसन को क्या कहा जाता है?

vi. शुद्ध जल का PH मान कितना होता है।

प्रश्न 6. विस्थापन अभिक्रियायें किन्हे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए। (2)

अथवा

मैग्नीशियम रिबन को वायु में जलाने से पूर्व साफ क्यों किया जाता है ?

प्रश्न 7. पीतल एवं तांबे के बर्तनों में दही एवं खट्टे पदार्थ क्यों नहीं रखने चाहिए ? (2)

अथवा

अम्ल का जलीय विलयन विद्युत का चालन करता है क्यों ?

प्रश्न 8. प्रकाश संस्लेषण के लिये आवश्यक कच्ची सामग्री पौधा कहां से प्राप्त करता है? (2)

अथवा

स्वपोषी पोषण के लिये आवश्यक परिस्थितियां कौन सी हैं?

प्रश्न 9. प्रकाश संश्लेषण क्रिया को समीकरण सहित समझाइए। (2)

अथवा

स्वपोषी पोषण किसे कहते हैं?

प्रश्न 10. जैव प्रक्रम को परिभाषित कीजिए। (2)

अथवा

प्रत्यावर्ती (प्रतिवर्ती) क्रिया किसे कहते हैं।

प्रश्न 11.प्रकाशानुवर्तन किसे कहते हैं ? (2)

अथवा

क्या होगा जब हमारे खाने मे आयोडीन की कमी हो जायेगी ?

प्रश्न 12. आवर्धन को परिभाषित कीजिए । (2)

अथवा

गोलीय दर्पण किसे कहते है ? गोलीय दर्पण के प्रकार समझाइए

प्रश्न 13. प्रकाश के परावर्तन के नियम लिखिए। (2)

https://www.mpboardonline.com

अथवा

वास्तविक प्रतिबिम्ब और आभासी प्रतिबिम्ब मे अंतर लिखिए।

प्रश्न 14. वर्णविक्षेपण किसे कहते हैं ? (2)

अथवा

विवृत गोचिता को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 15. हम वर्षा होने के बाद ही आकाश मे इंद्रधनुष क्यों देखते हैं ? (2)

अथवा

किसी अंतरिक्ष यात्री को आकाश नीले की अपेक्षा काला क्यों प्रतीत होता है ?

प्रश्न 16. ग्रीन हाउस प्रभाव क्या है? (2)

अथवा

पर्यावरण प्रदूषक क्या कहलाते हैं?

प्रश्न 17. अम्ल वर्षा क्या है? (2)

अथवा

ग्लोबल वार्मिंग के क्या कारण हैं?

प्रश्न 18. धमनी एवं शिरा में अंतर लिखिए। (3)

अथवा

पौधों के लिए वाष्पोत्सर्जन क्यों आवश्यक है?

प्रश्न 19. गोलीय दर्पण के ध्रुव व वक्रता त्रिज्या को परिभाषित कीजिए। (3)

अथवा

स्नेल का नियम क्या है? सूत्र सहित लिखिए।

प्रश्न 20. संक्षारण क्या है? (3)

अथवा

धोने के सोडा बनाने की विधि व उसका एक उपयोग लिखिए।

प्रश्न 21. अम्ल एवं क्षार मे कोई चार अंतर लिखिए। (4)

अथवा

दूर दृष्टि दोष क्या है? दूर दृष्टि दोष का निवारण लिखिए।

प्रश्न 22. मानव हृदय का नामांकित चित्र बनाइए। (4)

अथवा

मानव शरीर की किन्ही 4 अंतः ग्रंथियों के नाम व कार्य लिखिए।

प्रश्न 23. प्लास्टर ऑफ पेरिस किसे कहते हैं इसे आद्रता रोधी वर्तन में क्यों रखना चाहिए? (4)

अथवा

मानव नेत्र का नामांकित चित्र बनाइए।

https://www.mpboardonline.com